FIROZABAD POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

सराहनीय कार्य दिनांक 06-04-2026 थाना साइबर व साइबर सैल जनपद फिरोजाबाद

थाना साइबर क्राइम व साइबर क्राइम सेल पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही में आईपीटीवी के माध्यम से अनाधिकृत प्रसारण करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के 03 सदस्यों को किया गया गिरफ्तार।

- **JIO HOT STAR कंटेंट की पायरेसी कर रहे अंतर्राज्यीय साइबर गिरोह का खुलासा।**
- **अभियुक्त जगदीश के बैंक खाते में 20 लाख रुपये फ्रीज कराये गए।**
- **व्हाट्सएप ग्रुप से चल रहा था 'BOS IPTV' रैकेट, 900+ यूजर्स जुड़े।**
- **QR कोड से वसूली, बैंक खातों व पोस्ट ऑफिस RD से की जा रही थी मनी लॉन्ड्रिंग।**
- **2 लैपटॉप, 3 मोबाइल, 8 पासबुक व भारी डिजिटल साक्ष्य बरामद।**
- **फेसबुक-व्हाट्सएप के जरिए जुड़ा नेटवर्क, पंजाब-राजस्थान तक फैला गिरोह।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में जनपद में साइबर क्राइम एवं ठगी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी साइबर अपराध के कुशल नेतृत्व में साइबर क्राइम सेल व थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा थाना साइबर अपराध जनपद फिरोजाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 05/2026 धारा 318(4) बीएनएस, 66D/43 आईटी एक्ट एवं 51/63 कॉपीराइट एक्ट में 03 अभियुक्तों 01. पदम सिंह 02. अशोक धीमन व 03. जगदीश कुमार को मुखबिर की सूचना पर विजयपुरा तिराहा से किया गया गिरफ्तार। अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल, लैपटॉप, और भारी मात्रा में जाली खातों की पासबुक व अन्य सामग्री की गयी बरामद। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

आज दिनांक 06.04.2026 को साइबर क्राइम सेल व थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर विजयपुरा तिराहा क्षेत्र से तीन अभियुक्तों 01. पदम सिंह 02. अशोक धीमन व 03. जगदीश कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण अवैध रूप से IPTV (BOS IPTV) के माध्यम से कॉपीराइटेड कंटेंट का अनधिकृत प्रसारण कर साइबर धोखाधड़ी कर रहे थे।

अपराध का तरीका (Modus Operandi):

अभियुक्तगण द्वारा **BOS IPTV** नामक अवैध प्लेटफॉर्म के माध्यम से JIO HOT STAR सहित विभिन्न टीवी चैनलों का अनधिकृत प्रसारण किया जा रहा था। व्हाट्सएप ग्रुप (लगभग 900+ सदस्य) बनाकर ग्राहकों को जोड़ाकर, ग्राहकों को ऐप लिंक, यूजर आईडी व पासवर्ड उपलब्ध कराया जाता था। सब्सक्रिप्शन के नाम पर QR कोड के माध्यम से पैसे वसूले जाते थे तथा प्राप्त धनराशि को विभिन्न बैंक खातों, यूपीआई आईडी एवं पोस्ट ऑफिस आरडी खातों में ट्रांसफर कर **लेयरिंग (money trail छिपाने)** की जाती थी।

नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण:

1. पदम सिंह पुत्र श्रीनिवास निवासी नगला चूरा, थाना बसई मोहम्मदपुर, जनपद फिरोजाबाद।
2. अशोक धीमान पुत्र रोशन लाल निवासी मांडवी, जिला संगरुर (पंजाब)।
3. जगदीश कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी ददरेवा, थाना राजगढ़, जिला चुरु (राजस्थान)।

कृत कार्यवाही:

- बरामद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को सील कर फॉरेंसिक जांच हेतु भेजा जा रहा है।
- डिजिटल साक्ष्यों (चैट, ट्रांजेक्शन, IPTV लिंक) का विश्लेषण जारी है।
- अन्तर्राज्यीय नेटवर्क होने के कारण अन्य राज्यों से समन्वय स्थापित किया जा रहा है।
- अभियुक्त जगदीश उपरोक्त के बैंक खाते में 20 लाख रुपयों को फ्रीज कराया गया।

नाम पता वांछित अभियुक्तः-

पूछताछ में निम्न व्यक्तियों / इकाइयों की संलिप्तता प्रकाश में आई है:

- विक्रम वफा (मुख्य संचालक – ऑनलाइन संचालन)
- जसवंत सिंह (DT JASWANT SINGH)
- सोमवीर
- ईश्वर (पोस्ट ऑफिस से सम्बद्ध)
- HR Communication (हंसराज, टोंक राजस्थान)

बरामदगी का विवरण:

- ➢ 02 लैपटॉप (DELL कंपनी)।
- ➢ 03 मोबाइल फोन (Redmi, Oppo, Vivo)।
- ➢ 08 डाकघर आरडी पासबुक।
- ➢ विभिन्न सिम कार्ड एवं मोबाइल नंबर।
- ➢ बैंक खातों, यूपीआई आईडी, QR कोड व डिजिटल ट्रांजेक्शन से संबंधित महत्वपूर्ण डाटा।
- ➢ व्हाट्सएप चैट, ग्रुप, स्क्रीनशॉट एवं IPTV एप्लिकेशन से संबंधित डिजिटल साक्ष्य।

गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः-

1. श्री राजेश सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर अपराध जनपद फिरोजाबाद।
2. निरीक्षक श्री तेजवीर सिंह, थाना साइबर अपराध जनपद फिरोजाबाद।
3. क0 ऑपरेटर वृंदावन बिहारी पांडे, थाना साइबर अपराध जनपद फिरोजाबाद।
4. मु0आ0 1078 राकेश कुमार, थाना साइबर अपराध जनपद फिरोजाबाद।
5. आरक्षी 836 लव प्रकाश, थाना साइबर अपराध जनपद फिरोजाबाद।
6. आरक्षी 100 अंकित वर्मा, साइबर सैल जनपद फिरोजाबाद।
7. आरक्षी 717 हेमेन्द्र प्रताप सिंह, साइबर सैल जनपद फिरोजाबाद।